## न्यूज गैलरी

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का होगा आयोजन

**नावा बाजार।** प्रखंड के कंडा पंचायत सचिवालय में आज बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जहां प्रखंड सह अंचल के सभी अधिकारी-कर्मचारी भाग लेकर लोगों की जरूरतों को ऑन स्पॉट पूरा करेंगे। साथ हीं कई नई योजनाओं को भी मूर्त रूप दिया जायेगा। उक्त बातें सभी सरकारी विभागों की स्टाल लगाई जायेगी। जहां अपनी जरूरतों को समझ लोग अपना आवेदन देकर कार्य को संपादित करा सकते हैं। लोगों के अधिसंख्य समस्याओं का समाधान ऑन स्पॉट होगा। स्टॉल पर संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद होंगे। ऐसा भी नहीं कि जो कार्यक्रम में नहीं आ सकें, उनके कार्यों का संपादन नहीं हो सकेगा। कल विशेष रूप से कार्यक्रम का आयोजन है। वंचित लोगों का कार्य आगे भी किया जाता रहेगा। मुखिया नरेंद्र सिंह की देखरेख में पेंशन, मनरेगा, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास परियोजना, किशोरियों के लिए समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति, कंबल वितरण सहित कई योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को दिया जायेगा।

### सन साईन पब्लिक स्कूल में मना गुरु नानक जयंती

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के सगालीम में हो रहे संचालित सन साईन पब्लिक स्कूल में गुरु नानक जयंती मनाया गया। स्कूल के बच्चों व डायरेक्टर राजेश कुमार प्रजापति ने गुरु नानक को याद करते हुए जयंती मनाई। मौके पर सन साईन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि गुरु नानक जी सिख धर्म के संस्थापक और सिक्खों के प्रथम गुरु थे। उनका जन्म 1469 ई में कार्तिक पूर्णिमा के दिन राय भोई दी तलवंडी जगह में हुआ था। इसलिए हर साल कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को गुरु नानक जयंती पूरी दुनिया में मनाई जाती है। इसे गुरु पर्व या प्रकाश पर्व भी कहा जाता है। गुरु नानक जयंती के दिन सिख समुदाय के लोग वाहे गुरु वाहे गुरु के जाप करते है। और सुबह सुबह प्रभात फेरी भी निकालते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी के उपदेशों को हम सभी को सीखना चाहिए। मौके पर शिक्षको के साथ छात्र छात्रों ने गुरु नानक के उपदेशों का पालन करने की शपथ ली। मौके पर सत्यम कुमार,आलोक कुमार,छोटू कुमार, प्रभात कुमार,बबलू कुमार, साक्षी कुमार आर्या कुमारी,सुगंधा कुमारी,पूजा कुमारी, सिद्रा प्रवीण,सैफ खान के साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षक व छात्र छात्रा उपस्थित थे।

### खेल मैदान बचाने को लेकर ग्रामीण हुए एकजुट ,दी आंदोलन की चेतावनी

**ऊँटारी रोड।** पलामू जिले के पांडु प्रखंड क्षेत्र ग्राम कुटमु में पांडु विश्रामपुर मुख्य पथ से सटे खेल मैदान को लेकर ग्रामीणों ने कुटमु खेल मैदान को बचाने को लेकर एक जुट हुए। मंगलबार को समस्त ग्रामीण और खेल प्रेमी एक जुट होकर कुटमु खेल मैदान पर अवैध कब्जा करने वाले दबंगों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और फील्ड बचाने के लिए निर्णय लिया। वहीं ग्रामीणों ने बताया की यह फील्ड लगभग तीस वर्षों से है, जहां क्षेत्र के सभी बच्चे खेलते रहे हैं। परंतु अभी कुछ गांव के दबंग किस्म के लोग फील्ड के जमीन पर अवैध कब्जा किये हुए हैं। अगर वे खेल मैदान के जमीन को खाली नहीं करते हैं तो हम सभी ग्रामीण एक जुट होकर आंदोलन करेंगे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अरविंद पाल, रामबचन राम, विमला देवी, सुरेंद्र राम, रामचंद्र साव, अनुज पाल, गुड्डी देवी, अंजू देवी, निर्मला देवी, सहित सेकडों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मल्टीपर्पस हॉल का शिलान्यास आज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय रिसर के समीप नगर विकास विभाग मद की राशि से मल्टीपर्पस हॉल का शिलान्यास बुधवार 9 नवंबर को किया जायेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि उक्त योजना 3.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य करने की योजना बनाई गई है। इससे क्षेत्र के बेरोजगार नौजवानों को दुकान भी मिलेगा। जिससे अपने परिवार का भरण पोषण कर सकेंगे। साथ ही दिनेश चौक के समीप सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन किया जायेगा।

### अनियंत्रित टेम्पो नहर में गिरा

**हुसैनाबाद।** उतर कोयल मुख्य नहर मोहम्मदगंज देवीधाम रोड में मंगलवार की शाम आगे पीछे करने के क्रम में एक टेम्पू अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। इसके चालक को मामूली चोटें आई है। जिसका ग्रामीणों की मदद से स्थानीय स्तर पर इलाज कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार घटनास्थल के पास ही टेम्पू स्टैंड है। टेम्पो चालक वाहन को आगे पीछे घूमा रहा था। इसी दौरान वाहन के अनियंत्रित होने पर उक्त घटना घटी।

### सांसद ने अगलगी के पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी

**हरिहरग।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने शहरी क्षेत्र के बंजारी मोहल्ला में गत दिनों अगलगी की घटना में पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी। मालूम हो कि गत दिनों सतगावां निवासी रमेश ठाकुर तथा अरुण जय ठाकुर के ग्लोबल बड्र्स पब्लिक स्कूल परिसर स्थित ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम में आग लग गई थी। जिससे लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया था। सांसद ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रफुल्ल कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, महामंत्री सनी गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अशोक सिंह, धर्मेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### कार्तिक पूर्णिमा पर कल्पवृक्ष के दर्शन पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु



**हरिहरगंज।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को निकटवर्ती अम्बा थाना के परता ग्राम में वार्षिक मेला आयोजित की गयी। वहीं कल्पवृक्ष धाम ठाकुरबाड़ी स्थित कल्पवृक्ष के दर्शन पूजन के लिए आसपास के दर्जनो गांव से आए हजारो श्रद्धालुओ की भीड़ देखी गयी। ऐसी मान्यता है कि कल्पवृक्ष की पूजा करने से मनोकामना की पूर्ति होती है। आज के दिन कल्पवृक्ष को दुध चढ़ाने का विशेष महत्व है। उधर मेला में मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह का झूला तथा खरीददारी के लिए सैकड़ो दुकाने सजी थी। ग्रामीणो ने मेला में जमकर खरीददारी किया। जबकि मेला का सफल संचालन के लिए आयोजक समिति के अनेक सदस्य सक्रिय रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने नदी में लगाई डुबकी, की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने देवरी, बड़ेपुर, बुधुआ, बराही दंगवार आदि गांव स्थित सोन नदी तट पर श्रद्धा एवं आस्था की डुबकी लगाई। साथ ही हनुमान,शिव, सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना किया। देवरी सोन नदी में स्नान करने के लिए सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो दोपहर तक रहा। सोन नदी में स्नान करने के लिए जपला शहर के अलावा दर्जनों गांवों की महिला पुरुष नदी में स्नान को आये थे। इस मौके पर लोगों ने गरीबों के बीच दान पुण्य किया।



**मंदिर समिति के लोग रहे तत्पर :** इस मौके पर देवरी शिव मंदिर व दंगवार सूर्य मंदिर कमिटी के लोग श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर दिखें। वही कार्तिक पूर्णिमा पर देवरी सोन नदी स्थित शिव मंदिर परिसर में मेला लगा रहा। मेले में पूजन सामग्री के अलावा खाने पीने की दुकान लगी थी। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम, एएसआई, कार्तिक उरांव, दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा व पुलिस के जवान काफी सक्रिय रहे।

# पंचायत समितियों ने किया कंबल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोटनिया के पंचायत समिति सदस्य धनंजय यादव ने अपने पंचायत के कुल 35 जरूरत मंद बुजुर्गों के बीच कम्बल वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने बताया की अभी से ठंड गिरना चालू हो गया समय से पूर्व अपने पंचायत के जरूरत मंद बुजुर्गों को कम्बल पहुचना मेरा लक्ष्य। इधर प्रखण्ड क्षेत्र के पथरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कलावती देवी ने ग्राम चनकार कस्तूरी, इटवा नोनिया डीह के ,असहाय, विधवा, लोगो के बीच कम्बल वितरण किया। मौके पर अमन कुमार, जमुना राम, विश्वनाथ राम, लोटनिया के जमुना यादव राजमोहन यादव, बबन यादव आदि कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर महाप्रसाद का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा को लेकर मंगलवार को पलामू जिला का धार्मिक स्थल बराही धाम परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवरी, दंगवार गांव स्थित सोन नदी तट पर स्नान करने के बाद बराही धाम परिसर में पहुँचकर शिवमंदिर में पूजा अर्चना की। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर सुबह से धाम परिसर में काफी चहल पहल थी। चारों ओर हर हर महादेव, जय हनुमान का उद्घोष से पूरा परिसर भक्तिमय बना हुआ था। धाम के पुजारी दिलीप ओझा,अजीत चौबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद प्रत्येक मंगलवार को शिवांश चैरिटबल ट्रस्ट की ओर आयोजित भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा बिहार, उतर प्रदेश, मध्य प्रदेश से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर विजय सिंह, हरेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, गोविंदा सिंह, प्रिंस यादव, मदन उरांव, प्रवेश राम, राजनाथ पाल, मुखिया सुदामा यादव, बैकुंठ सिंह, मंगल यादव, लालेश्वर राजवंशी, विंदा यादव,नैतिन सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# गंगा आरती में दीपों से जगमगायें घाट

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर का हृदय स्थली भगवान भास्कर छठघाट पर सोमवार की देर शाम अलौकिक नजारा देखने को मिला। हर वर्ष की तरह नवाह्न परायण यज्ञ समिति महावीर जी भवन जपला के सौजन्य से छठ घाट पर भव्य देव दीपावली सह गंगा आरती का आयोजन किया गया। मौके पर समिति के लोगों ने सात हजार दीये से घाट को चारों ओर सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत महावीर मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यकम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल ने की। जबकि संचालन समाजसेवी सचिन आनंद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मुन्ना कुमार देव ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि यह छठघाट धार्मिक आस्था का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर समिति के सदस्यों को साधुवाद दिया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह ने जम्हूरी माई छठघाट पर आयोजित देव दीपावली सह गंगा आरती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने देवलोक पर हाहाकार मचाने वाले त्रिपुरासुर राक्षस का संहार किया था। इस वध की खुशी में देव दीपावली मनाई जाती है। मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष शशि कुमार, प्रेमतोष सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष उषा देवी,बब्लू अग्रवाल,मनीष कश्यप, उदय सोनी, प्रदीप पटेल, शक्ति पासवान,अरबिंद ओझा, उदय नाथ विश्वकर्मा, पवन कुमार चौधरी, अजय गुप्ता, अर्जुन गुप्ता,मधुलता रानी,कल्लू, पप्पू समेत हजारों महिला पुरुष शामिल थे।



# प्रमुख ने कई आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूलों का किया अचौक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी ने सोमवार को प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत ऊपरी कला,एवं कोसी तथा टोंगरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का जांच किया। इस संदर्भ में प्रमुख ने बताया कि ऊपरी कला आंगनबाड़ी कोड संख्या 111 के जांच के दौरान सेविका अनुपस्थित थी। वहीं सहायिका सेंटर संचालित कर रही थी। वहीं कोशी आगंनबाड़ी केन्द्र का जांच किया, वहां भी सेंटर पर मात्र सहायिका ही थी और बच्चों की संख्या एक भी नहीं थी। उसी पंचायत के टोंगरा आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कोशी पंचायत की जनता उक्त आंगनबाड़ी की शिकायत पूर्व में भी की गई थी। लेकिन सेविका में अभी तक सुधार नहीं हुआ। वही उन्होंने बताया कि उर्दवार मंजुरहा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खैरा का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें केवल एक पारा शिक्षक अरबिंद कुमार सिंह ही विद्यालय में उपस्थित व शिक्षक अनूप कुमार सिंह अनुपस्थित थे। उन्होंने बताया की अनूप कुमार सिंह विद्यालय में नहीं आते हैं। इसकी शिकायत हमेशा क्षेत्र के लोग करते है। मीडिया को उन्होंने बताया कि आगामी प्रखण्ड में बीडीसी की बैठक में इन सभी बिन्दुओ पर संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराते हुए विधिसम्मत करवाई हेतु मैं लिखूंगी। क्षेत्र में सरकार द्वारा इतनी व्यवस्था रहने के बाद नवनिहाल बच्चों के भविष्य को मैं इस तरीके से बर्बाद नही होने दूंगी ,जो भी लोग हैं उन पर कार्रवाई निश्चित होगी।




# सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**विश्रामपुर।** रेहला पड़वा एनएच 75 मुख्य पथ पर बी मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में मंगलवार को एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव निवासी धीरज कुमार चौबे के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार धीरज कुमार चौबे घर से रेहला मोटरसाइकल चलाकर जा रहे थे। इसी बीच बी मोड़ के पास मालवाहक पिकअप वाहन ने उन्हे टक्कर मार दी। जिससे श्री चौबे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उन्हें मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

# स्टार क्लब ने मंदेया नदी के छठ घाट पर देव दीपावली मनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** पलामू स्टार क्लब के सदस्यों ने छत्तरपुर मंदेया नदी छठ घाट सात नवम्बर को 3100 दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली मनाई। जिसमें छतरपुर की माताओं और बहनों का बड़ा सहयोग रहा। कार्यक्रम की शुरूआत आरती के साथ की गई। आरती के बाद भक्तों ने दीप जलाया। जिसे मनाने में पूरे नगर वासी काफी उत्साहित दिखे। इसे सफल बनाने में स्टार क्लब के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का बहुत बड़ा योगदान रहा। इस उत्सव में पूरे छतरपुर वासी के साथ वहां के भावी उम्मीदवार भी शामिल रहे। देव दीपावली के उपलक्ष में रखा गया था उसको स्थगित कर स्टार क्लब के सारे पदाधिकारियों और गार्जियनो ने यह निर्णय लिया कि उसी पैसे से नदी की सुंदरीकरण और पेड़ पौधे लगाये जायेंगे। मौके पर डोमन प्रजापति, गुड्डु चंद्रा , रितेश चंद्रा , सिंटू चौधरी , वीरेंद्र गुरुजी तथा क्रांति कुमार मेहता ने मिल कर यह निर्णय लिया। देव दीपावली कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों का बहुत बड़ा योगदान रहा। जिसमें मुख्य रूप से डोमेन प्रजापति, रितेश चंद्रा, अमित ,क्रांति मेहता, गुड्डु, विरेन्द्र, बिनोद, मोनु गुप्ता आलोक सोंदिक, राहुल रॉय, राहुल गरगर, अजीत, अनुराग, धीरज, तेजु, अभिषेक, कौशल, पवन प्रजापति, दीपक, शशि, सुभाष, सिंटू, मोडलर, रंजीत, मुकेश, आदि लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद के आठ बूथों का किया गया स्थान परिवर्तन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर निकाय चुनाव को लेकर हुसैनाबाद सिटी में लगभग प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। मतदाताओं के सुविधा अनुसार हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के आठ बूथों का स्थान परिवर्तन किया गया है। जिसमें वार्ड-आठ के विवाह मंडप बूथ को कन्या मध्य विद्यालय में शिफ्ट किया गया है। वार्ड-छह के संत जोसेफ स्कूल केंद्र को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, वार्ड-एक सिंचाई विभाग कार्यालय मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिचाई कालोनी, वार्ड-बारह दुर्गा बाड़ी के समीप चलंत मतदान केंद्र को हरिहर चौक के समीप वार्ड भवन में, वार्ड-तीन अनुमंडल परिसर स्थित बूथ को राम बीघा विद्यालय में व वार्ड-16 के मोहम्दाबाद आंगनबाड़ी-2 मतदान केंद्र को परिवर्तित कर प्राथमिक विद्यालय में किया गया है। इस संबंध में सीओ सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि मतदाताओं को मतदान करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसे लेकर उक्त बूथों को परिवर्तित करने के लिए जिला निवार्ची पदाधिकारी को भेजा गया है। मतदाता सूची विखंडन और अंतिम प्रकाशन के उपरांत हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के 12077 पुरुष व 11005 महिला मतदाता सहित कुल 23085, मतदाता 29 बूथों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# 10 नवंबर को होगी भाजपा की जन आक्रोश रैली

## हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम का होगा आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** भाजपा मंडल की ओर से 10 नवंबर को जन आक्रोश रैली निकाली जायेगी। राज्य में व्याप्त भय, भूख, भ्रष्टाचार, बलात्कार, तुष्टिकरण की राजनीति, हत्या, बालू-पत्थर की लूट व झूठ के विरोध में प्रदर्शन होगा। अकाल के नाम पर किसानों को झारखंड सरकार के द्वारा तीन हजार रुपए देकर किसानों को छला गया है। भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर सकती। उक्त बातें नावा बाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने कहा। वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री महादेव ने कहा कि हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम का आगाज नावाबाजार मंडल से होगा। 10 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रभारी दुर्गा जौहरी व जिला प्रतिनिधि सह उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव शामिल होंगे। कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा किसानों को तीन हजार रुपए देने की घोषणा की गई है। उससे न तो किसानों की बीज की खरीदी जा सकती और न हीं बर्बाद हुए फसल की भरपाई की जा सकती। नदी, तालाब, आहर आदि के जलस्तर सूख चुके है। किसानों की समस्यायें बढ़ती जा रही है और सरकार मूकदर्शक बन तमाशा देख रही है। लेकिन भाजपा चुप रहने वाली नहीं। सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकालकर आवाज को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी। बताया कि कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र की हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व किसान शामिल होंगे। हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ की आगाज होगी। साथ ही हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प भी होगा।

# पीडीएस डीलर को बीडीओ सह एमओ प्रशांत हेंब्रम ने लगाई फटकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत मुरमा खुर्द में डीलर के विरुद्ध लाभुकों ने जून माह का राशन गबन करने का गंभीर आरोप लगाया है। जो अधिकारियों द्वारा जांच के क्रम में सत्य भी पाया गया है। बताते चलें कि पीडीएस डीलर राज कुमार पाल के ऊपर राशन गबन करने तथा राशन मिलने पर 500 ग्राम कम राशन प्रति लाभुक को देने का आरोप लाभुको ने लगाया है। वही जांच के क्रम में राज कुमार पाल ने अपने बचाव में कहा कि मुझे भी गोदाम से कम राशन दिया जाता है। जिसके क्षति पूर्ति हेतु आधा किलोग्राम राशन प्रति लाभुक को कम देता हूँ। जिसे सुन कर मौके पर बीडीओ सह प्रभारी एमओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने डीलर को फटकार लगाते हुए एक आवेदन में लिखकर अपनी समस्या बताने को कहा। साथ ही कहा कि आप गोदाम से भरपूर राशन लीजिए यह आपका अधिकार है। वही एमओ ने पीडीएस डीलर को उदाहरण के तौर पर समझाते हुए कहा कि आपके कम राशन देने के कारण अगर कोई लाभुक राशन नहीं लेना चाहता है और उसी को देखा देखी पचास और अन्य लाभुक राशन नहीं लेने को तैयार होंगे तो आप क्या करेंगे। अंततः आपको राशन गोदाम को वापस करना पड़ेगा। जिसके फल स्वरूप आपकी डीलरई जा सकती है। इसलिए लाभुक को संतुष्ट करना आपकी जिम्मेवारी है। वही उन्होंने कहा कि अगर नही बनता है तो आप डीलरई छोड़ दीजिए कोई दूसरा डीलर लोगों को राशन देंगे। बताते चलें कि जून माह का राशन गबन करने के खिलाफ सितंबर 2022 में ही लाभुकों द्वारा लिखित शिकायत की गई थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने से प्रखंड प्रमुख रम्भा कुमारी द्वारा पुनः इसकी शिकायत राज्य खाद्य आयोग को की गई थी। जिसके फलस्वरूप राज्य खाद्य आयोग द्वारा तत्काल जांच का आदेश दिया गया। वही प्रखंड प्रमुख रम्भा कुमारी ने कहा कि किसी भी गरीब का राशन अगर कोई पीडीएस डीलर समय से नही देते हैं या कम फिर देते हैं तो लाभुक मुझे फौरन बताएं। उस पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी।



पलामू एक्सप्रेस का पूर्व की भांति लालगढ़ स्टेशन पर हो ठहराव

# लालगढ़ मुखिया ने पलामू सांसद से मिल कर रखी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** लालगढ़ स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने के कारण यात्रा करने वाले लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। लालगढ़ स्टेशन पर पलामू सहित गढ़वा जिले के कई प्रखंडों के लोग यात्रा को पहुंचते हैं। एक्सप्रेस की ठहराव नहीं होने के कारण अब लोगों को डालटनगंज या गढ़वा रोड स्टेशन जाना पड़ रहा है। पूर्व की भांति लालगढ़ स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव हो। साथ हीं लोगों की सुविधा को देखते हुए रांची वाराणसी इंटरसिटी दोनों गाड़ियों का ठहराव हो इसे लेकर मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से मुलाकात की?। साथ हीं लोगों की मांग पत्र को सौपा। साथ हीं मुखिया ने कहा कि कोरोना के पहले पलामू एक्सप्रेस लालगढ़ हॉल्ट स्टेशन पर रुकती थी। लेकिन करोना के समय पलामू एक्सप्रेस को बंद कर दिया गया था। लेकिन अब करोना समाप्त हो गई है और पलामू एक्सप्रेस भी चलाई जा रही। लालगढ़ बिहार स्टेशन को छोड़ कर अन्य जगहों पर ट्रेन रुक रही है। लेकिन यहां ठहराव नहीं होने के कारण लालगढ़ सहित आसपास के 2 दर्जन से अधिक गांव के लोगों को यात्रा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यूज गैलरी

### अवैध बालू उठाव के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने किया एक ट्रैक्टर को जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के दक्षिणी कोयल नदी जोगना मेढो पथ से थाना प्रभारी द्वारा एक ट्रैक्टर को अवैध बालू उत्खनन कर परिचालन करते हुए जब्त किया गया। और अग्रेतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचनार्थ किया गया है। सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने शस्त्र बल के सहयोग से अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर को जब्त कर ट्रैक्टर चालक व मालिक के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है। उक्त छापेमारी अभियान लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेश पर किया गया। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू उठाव पर प्रशासनिक कार्रवाई किया जा रहा है। नवम्बर माह में अभी तक चार ट्रैक्टर जब्त कर विभागीय कारवाई किया गया है। जिससे बालू माफियाओं में भय का माहौल है। इस तरह से अवैध उत्खनन पर कारवाई से कहीं ना कहीं अवैध खनन पर रोक लगने की संभावना जताई जा रही है। कहा थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। आगे भी इसका कारवाई लगातार जारी रहेगा जिससे अवैध उत्खनन पर रोक लगेगा।

### कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान-दान पूजन अर्चन को लगी भीड़



**कैरो/लोहरदगा।** मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के शुभअवसर पर अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में नदियो तालाबो में स्नान, दान व मंदिरों, पुजा स्थलों में पुजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का दिखाई दिया उत्साह। इस अवसर पर आचार्य पंडित नीरज कान्त त्रिपाठी ने संवाददाता से पुछे जाने पर कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा है, वही मंगलवार की शाम 05:03 बजे से शाम 06:19 तक चंद्रग्रहण, एव चंद्रग्रहण से 09 घन्टा पूर्व सूतक काल। जिसमे पुजा पाठ व अन्य अच्छे कार्य करने पर दोष माना जाता है। वर्ष का पवित्र महीना और उससे भी पवित्र दिन कार्तिक पूर्णिमा शास्त्रो के विधान के मुताबिक माना जाता है। आज ही के दिन देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ महादेव ने त्रिपुरासुर नामक दानव का वध करके देवलोक एवं पृथ्वीलोक से दानवों के आतंक से देवता एवं मनुष्य को बड़ी राहत देने का कार्य किया था। तबसे इस पूर्णिमा को त्रिपुरा पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस पूर्णिमा मे गंगा स्नान, नदी स्नान कर पुजा पाठ करते हुए जो भी लोग दान पुन में बढ़-चढ़ कर लेते हैं भाग वैसे लोगो को ईश्वर स्वर्गलोक में स्थान देते है, इसलिये इस पूर्णिमा का महत्व और भी बढ़ जाता है।

### आज रात नौ बजे से शुरू होगा ऐतिहासिक रास मेला, सभी तैयारियां पूरी



**जलडेगा।** प्रखंड मुख्यालय एस एस+2 हाई स्कूल मैदान में लगने वाली ऐतिहासिक राधा कृष्ण रास मेला आयोजन को लेकर तैयारी लगभग पुरी हो गई है। बंगाल की मिठाई दुकान, रंगमंच, छऊ नृत्य अखाड़ा, खिलौने के दुकान, खेल तमाशा मनोरंजन के संसाधन सजकर तैयार है। कल बुधवार 9 नवम्बर की रात्रि मेला का आयोजन होगा। कोरोना काल के दो साल उपरान्त लगने वाली रास मेला को लेकर लोगों खास उत्साह देखा जा रहा है। मेले में मौत कुंआ, बुगी बुगी, ब्रेक डांस, ड्रैगन झुला, इलेक्ट्रिक ट्रेन, जंपिंग, बच्चों का झूला और बंगाल के प्रसिद्ध छऊ नृत्य मुख्य आकर्षक का केंद्र होगा। दुसरी मंच सांस्कृतिक नागपुरी ढेट व आधुनिक गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महाबीर साहू, एग्नेस कुमार, पुनम खलखो, सुहाना देवी, चिन्ता देवी, जगदीश बड़ाइक, रुपेश बडाईक, केशो देवी एवं डांसर के रूप में लिया ठाकुर और पुनम पटेल शिरकत करेंगे। स्थानिय पारम्पारिक जौदरा नृत्य, राटा नृत्य, पैंकी नृत्य, झुमर नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा। मेले में लाखों की भीड़ होने की उमिंद है। झारखंड, समेत नजदिकी राज्य उड़िसा एवं छत्तीसगढ़ के भी दर्शक पहुंचते हैं। आयोजन समिति सदस्य एवं पदाधिकारी सुभाष साहू, मोतिलाल ओहदार, त्रिलोक साहू, महाप्रसाद सिंह, हेमशरण सिंह, जगेश्वर बिझिंया, आशिष इन्दवार, रामेश्वर सिंह, अघना खडिया, किसन बडाईक, अरुण कुमार मिश्रा, मेला सफल बनाने एवं आकर्षित करने में लगे हुए हैं। तो दुसरी ओर सीओ खगेन महतो थाना प्रभारी फिलिप मिंज के नेतृत्व में प्रशासन विधि व्यवस्था में लगातार मेला आयोजन स्थल में जमे हुए हैं।

### अखंड अष्टप्रहरी हरिकीर्तन का समापन, राम नाम के धुन से गुंजायमान हुआ जलडेगा



**जलडेगा।** हरे राम हरे राम...राम राम हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा... कृष्णा कृष्णा हरे हरे की गुंज से अगले चौबीस घंटे तक गुंजायमान रहा जलडेगा श्रद्धालु राम हरिकिर्तन में मगन थे। राधा कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर में स्थानीय ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखंड हरिकिर्तन का आज प्रातः 6 बजे हवन पुजन, नगर भ्रमण और भंडारे के साथ समापन किया गया। प्रखंड समेत जलडेगा की किर्तन मंडली बनकोबा, परबा, सिहरमुंडा, कामडरा, बेन्दोंयुंआ, टिकरा, केलुगा, उकाउली, परबा लमडेगा, पोमिया, टिनगीना, कोनमेरला, क्षत्रिय समाज जलडेगा, महिला समुह, के लोगों ने 24 घंटे तक अखंड हरिनाम जप किया। कार्यक्रम में अघना खडिया, रामअवतार अग्रवाल, बसंत साहू, शंकर पति, संजय अग्रवाल, महेश साहू, राजू साहू, कमल अग्रवाल, रमेश मोईलवार, गोविन्द अग्रवाल, कृष्णा गोयल का अहम योगदान रहा। अरुण कुमार मिश्रा एवं दिनेश साहू ने बतौर पुरोहित एवं यजमान की भूमिका निभाया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर प्रसिद्ध रामरेखा धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## एक लाख से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना








**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा/पाकरटांड़।** रामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले चार दिवसीय ऐतिहासिक रामरेखा धाम मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने बाण गंगा में कार्तिक स्नान कर पूजा अर्चना की। बाण गंगा में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की सुबह से ही लंबी कतार लगी रही। साथ ही मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि चन्द्रग्रहण के सूतककाल प्रारम्भ होने के कारण शाम 6.30 बजे तक मंदिर परिषर के कपाट बंद रहे। बताते चलें कि इस मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

कोरोना काल के कारण 2019 के बाद दो सालों तक यहां मेला का आयोजन नहीं किया गया था लेकिन, इस साल कोविड प्रोटोकॉल का बंधन नहीं है। इस बार कार्तिक पूर्णिमा 2022 पर यहां भव्य धार्मिक मेले का आयोजन किया गया। मेले में जुटने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामरेखा धाम विकास समिति के साथ-साथ जिला प्रशासन ने भी व्यापक तैयारी की है। धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वहीं धाम परिसर में साफ-सफाई के साथ प्रकाश का भी उत्तम प्रबंध किया गया है।

झारखंड व छत्तीसगढ़ सीमा पर अवस्थित ऐतिहासिक रामरेखा धाम का बहुत ही महत्व है। इस धाम से भक्तों की गहरी आस्था जुड़ी है। इस पावन स्थल पर पड़ोसी राज्य उड़िसा, बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड के भी विभिन्न जिलों से लोग पहुंचते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में भगवान राम अपने वनवास काल के दौरान अपनी पत्नी सीता एवं भाई लक्ष्मण के साथ इस धाम पर कुछ समय व्यतीत किया था। धाम पर स्थित लक्ष्मण कुंड, सीता चुल्हा, गुप्त गंगा, भगवान राम के चरण पादुका, के अलावा गुफानुमा मंदिर में भगवान राम के द्वारा खींचीं गयी रेखा व उनकी प्रतिमा से भक्तों की आस्था मजबूत होती है। वैसे तो रामरेखा धाम का विशेष महत्व है ही, लेकिन इस धाम में निवास करने वाले ब्रह्मलीन महात्मा जयराम प्रपन्ना जी महाराज अर्थात रामरेखा बाबा अभी भी श्रद्धालुओं के हृदय में श्रद्धा के पात्र बने हुए हैं।

**संतों की टोली भी है उपस्थित :** रामरेखा धाम मेला में बनारस, काशी, ऋषिकेश, ओड़िशा सहित अन्य स्थानों से आये संत महात्माओं की टोली भी उपस्थित हैं। संत महात्माओं द्वारा सत्संग व प्रवचन किया जा रहा है। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

**कई प्रकार की दुकानें लगायी गयी हैं :** मेले में हर वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी विभिन्न प्रकार की दुकानें लगायी गयी हैं। मेले में खेल तमाशों का भी आनंद लोग उठा रहे हैं। मेले में विभिन्न प्रकार मिठाईयां, खिलौने, श्रृंगार, कपड़े, मांदर, ढोल, नगाड़ा, पूजा सामग्री सहित अन्य प्रकार भी दुकानें लगायी गयी है। लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

**नागपुरी गीतों पर रात भर झूमे लोग :** मेला परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नागपुरी गीतों पर लोग रात भर झूमते रहे।रामरेखा धाम मेला समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बाहर से आये कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत किये गये।

**बैरिकेडिंग से परेशान लोग बिना दर्शन के हुए वापस :** जिला प्रशासन और धाम समिति के द्वारा जहां-तहां बैरिकेडिंग लगा देने से रामरेखा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हो रही है। बैरिकेडिंग के कारण कई श्रद्धालु वापस लौटते नजर आए। कहा इतनी दूर पैदल यात्रा करना संभव नहीं हुआ। इसलिए वापस लौट आए हैं मेला के बाद जाकर भगवान का दर्शन कर लेंगे।

**भाजयुमो नेता किशलय तिवारी ने किया दर्शन :** झारखंड भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने मंगलवार को रामरेखा धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। हालांकि चन्द्र ग्रहण के सूतक काल प्रारम्भ होने के कारण मंदिर के अंदर किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं थी जिस वजह से उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर परिषर के बाहर से ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता जी एवं रामरेखा बाबा के दर्शन किया।

**चंद्रग्रहण सूतक काल की वजह से बन्द रहे भगवान के पट :** मंगलवार को सुबह से चंद्रग्रहण के सूतक काल प्रारम्भ होने के कारण मंदिर के कपाट बंद रखे गए थे। जिसकी वजह से मंदिर परिषर के अंदर किसी भी श्रद्धालु को मंदिर के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं थी।

जिसकी वजह से कई श्रद्धालुओं ने चन्द्रग्रहण के खत्म होने का इंतेजार किया। उसके बाद कुंड में स्नान कर भगवान के दर्शन कर पूजन किया। चन्द्रग्रहण खत्म होते ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। इधर जिला प्रशासन एवं धाम समिति के सदस्यों के द्वारा भीड़ को संभालने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी।

## साइबर अपराधियों ने गरीब किसान के खाते से उड़ाये 30 हजार रुपये

**कोलेबिरा।** प्रखंड में साइबर अपराधियों ने गरीब किसान के खाते से 30 हजार रुपये उड़ा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत नवाटोली निवासी कृष्णा दास के पंजाब नेशनल बैंक शाखा कोलेबिरा के बैंक अकाउंट से लगातार तीन दिनों तक दस-दस हजार रूपए साइबर अपराधियों के द्वारा निकासी कर ली गई। इस संबंध में भुक्तभोगी कृष्णा दास ने बताया कि साइबर अपराधियों के द्वारा उनके खाते से 5 नवंबर को दस हजार, 6 नवंबर को दस हजार और 7 नवंबर को भी दस हजार रुपए निकासी कर ली गई। साइबर अपराधियों के द्वारा 5 नवंबर को दोपहर 2:30 से 3:00 बजे के आसपास 10000 की निकासी की गई जैसे ही पैसे की निकासी का मैसेज मोबाइल में आया कृष्णा दास पंजाब नेशनल बैंक के शाखा कोलेबिरा पहुंचे और घटना की जानकारी बैंक कर्मियों को दिया। इस पर बैंक कर्मियों ने ब्रांच मैनेजर नहीं होने की बात कही और उनके इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। अगले दिन 6 नवंबर एवं 7 नवंबर को उसी बैंक के अकाउंट से फिर दस-दस हजार निकासी की गई। किंतु 2 दिन बैंक बंद होने के कारण बैंक नही जा पाए। तत्पश्चात इसकी लिखित सूचना उनके द्वारा कोलेबिरा थाने में दी गई। उन्होंने आगे बताया कि 5 नवंबर को अगर बैंक कर्मी इस पर ध्यान देते तो उनके 20000 बच जाते हैं किंतु बैंक कर्मियों के द्वारा किसी भी प्रकार से कोई ध्यान नहीं दी गई। जिसके चलते कृष्णा जी काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे बैंक लोकपाल को भी पत्राचार करेंगे। विदित हो कि पीएनबी ब्रांच के बैंक कर्मियों की ग्राहकों के साथ व्यवहार अच्छा नहीं रखने का शिकायत अक्सर आते रहती है इसके अलावा पीएनबी ब्रांच कोलेबिरा के खाता धारियों के साथ इसके पूर्व भी दो-तीन बार ऐसी घटना हो चुकी है उस घटना में भी बैंक कर्मियों के द्वारा भुक्तभोगी के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया गया था। जबकि आरबीआई का यह निर्देश है कि अगर बैंक में कोई धोखाधड़ी होता है तो 24 घंटे के अंदर शिकायत करने पर जितनी राशि धोखाधड़ी हुई है उतनी राशि बैंक के द्वारा वापस किया जाता है। किंतु बैंक कर्मियों के व्यवहार से पीएनबी ब्रांच खाता धारी काफी परेशान है इस संबंध में उन्होंने जिले के उपायुक्त से ध्यान आकर्षित करने की गुहार लगाई है।

## कोंनमेंजरा इंद मेला की रात सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



**नवीन मेल संवाददाता**


**सिमडेगा/ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर पुलिस के द्वारा बड़ी सफलता हासिल करते हुए 31 अक्टूबर की रात को कोंनमेंजरा इंद मेला के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कारण से लौट रही नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म के 4 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए मंगलवार को जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने बताया कि 31 अक्टूबर को 15 वर्षीय पीड़िता सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर लौट रही थी इसी दौरान पांच लोग उसका रास्ता रोकते हुए उसे जबरन डरा धमकाकर बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इधर पीड़िता डर से किसी को नहीं बताई लेकिन घर आकर परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों के द्वारा ठेठईटांगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी जिसके बाद पुलिस के द्वारा इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया था इधर थाना प्रभारी द्वारा विशेष रूप से जांच पड़ताल करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जिसमें परमेश्वर सिंह, बलराम कुमार साहू, शुभम केसरी, विक्रांत ठाकुर उर्फ सन्नी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया थाना प्रभारी ने बताया कि इनमें से एक आरोपी अभी भी फरार चल रहा है जिसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। गौरतलब हो इससे पूर्व कोलेबिरा में नाबालिग के साथ 1 दिन पूर्व ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

## मारवाड़ी सम्मेलन का अष्टम अधिवेशन रांची में, लोहरदगा जिला की शत-प्रतिशत भागीदारी रहेगी : दीपक सर्राफ

### राज्यपाल रमेश बैस करेंगे अधिवेशन का उद्घाटन, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास होंगे मुख्य अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम अधिवेशन में लोहरदगा जिला की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। रांची स्थित मारवाड़ी भवन में 13 नवंबर को झारखंड के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस इसका उद्घाटन करेंगे। वही पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के बतौर शामिल होंगे। समापन समारोह के अतिथि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं कोयलांचल विश्वविद्यालय के उपकुलपति डा० पवन पोद्दार होंगे। यह जानकारी लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा एवं महामंत्री राम प्रकाश मोदी ने संयुक्त रूप से दी।उन्होंने बताया कि कोरोना काल के बाद पहली बार झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का ऐसा कोई भव्य आयोजन हो रहा है। इसके कारण सदस्यों में काफी उत्साह है, अधिवेशन के दौरान नवनिर्वाचित



अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल अपने पद की शपथ लेंगे, लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्यों के साथ-साथ समाज के लोग इस अधिवेशन में भागीदारी लेंगे, अधिवेशन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ- साथ विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे,सम्मेलन के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया एवं कई पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों की भी भागीदारी होगी,अधिवेशन के आलोक में लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आजीवन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, पूरे राज्य में 1001 नये सदस्य जोड़ने का संकल्प है, उन्होंने कहा कि वर्ष 1935 में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना कोलकाता में हुई थी।यह संस्था देश भर के मारवाड़ी समाज के सदस्यों के बीच समन्वय करती है। इसके द्वारा विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुधार और सेवाकार्य भी चलाए जाते हैं, सम्मेलन ने देश भर में मारवाड़ी समाज के बीच 'पंचायत व्यवस्था' भी लागू कर रखी है ताकि आपसी विवादों का सामाजिक रूप से निराकरण संभव हो,उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन के आलोक में हमें अपने जिले में संगठन विस्तार का पर्याप्त अवसर मिला है, अधिवेशन के स्वागत समिति में स्वागत अध्यक्ष पूर्व सांसद महेश पोद्दार,स्वागत मंत्री ललित पोद्दार एवं मीडिया संयोजक संजय सर्राफ है,अधिवेशन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी महिला सम्मेलन की भी महत्वपूर्ण भागीदारी होगी।

## अजीत मिंज का नावाडीह में हुआ स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान महासचिव अजीत मिंज के गुमला चैनपुर नावाडीह पहुंचने पर स्वागत किया गया। मौके पर श्री मिंज ने कहा कि गुमला जिला के सभी झारखंड आंदोलनकारियों का चिन्हतीकरण के कार्य शीघ्रता शीघ्र पूर्ण कर लेने का आश्वासन आयोग द्वारा दिया गया है। चिन्हित करने का कार्य 1 से 2 माह में पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सरकार से हमारी मांगे हैं कि राज्य



गठन की तिथि से जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन दे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र के रूप में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर चैनपुर नावाडीह के झारखंड आंदोलनकारियों में शांति प्रसाद मिंज, ईश्वर मिंज, राजेश्वर एक्का पोरिखी बखला, पंखरासियुस मिंज, अब्राहम बखला, विमीला देवी, हकीम मियां, अंसतसिया एक्का, फोकतेनीयुस खलखो, प्रीतम कुजुर,औरदन केरकेट्टा, मिलाप केरकेट्टा, सिलास लकड़ा, मनोहर बेक, जयप्रकाश बाखला, कार्नेलियस मिंज सहित अन्य प्रमुख थे।

### गेंदा फूल की खेती ने प्रेमसी तोपनो को दिलायी पहचान

## कभी एक-एक रुपये को थी मोहताज आज हजारों में कर रही है रोजगार



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के मयोमडेगा गांव की रहने वाली प्रेमसी तोपनो तमाम उन महिलाओं के लिए मिशाल बन गई है जो हड़िया दारू बेचकर ये कहती हैं कि उनके पास दूसरा कोई काम नहीं है। और उन तमाम पुरुषों के मुंह पर भी तमाचा है जो महिलाओं को कमजोर समझकर उन्हें पैरों की धूल समझते हैं। प्रेमसी तोपनो नाम की ये महिला कभी एक एक रुपए को मोहताज थी, पारिवारिक स्थिति इतनी खराब थी की दूसरों से उधर मांग मांग कर गुजारा करती थी। लेकिन जेएसएलपीएस से जुड़ने के बाद प्रेमसी तोपनो की जिंदगी बदल है। समूह से जुड़ने पर उसे आसानी से ऋण मिल गया और वो ऋण का पैसा से गेंदा फूल का नर्सरी की। जिसको वो अपने परिवार वालों की मदद से लगभग एक एकड़ जमीन में खेती कर गेंदा फुल की व्यवसाय कर रही है। प्रेमसी तोपनो के फुल खेती को देखने के लिए प्रतिदिन कई लोग उनसे मिलने जा रहे हैं। बताते चलें कि खेत में होनेवाले गेंदा की फूलों की माला बनाकर बाजार में बेचा जा रहा है। गेंदा फूलों की खेती कर ग्रामीण महिलाएं सशक्त हो रही हैं। बता दें कि जनजातीय बहुल इस जिले में फूल उपजाने और उसे बाजार तक पहुंचाने वाली ज्यादातर महिलाएं ही हैं। इस वर्ष करीब सैकड़ों महिला किसानों ने फूल की खेती की थी। इन्होंने करीब लाखों गेंदा फूल की लरी तैयार की। थोक में 15 से 20 रुपये प्रति लड़ी के हिसाब से इसकी बिक्री हुई। एक-एक महिला किसान ने 25 से 30 हजार रुपये की कमाई इस सीजन में की। जिले में फूल की खेती की अपार संभावनाएं हैं। जिले में फूलों की भी जबरदस्त डिमांड है। जिले में पर्व-त्योहार के अलावा शादी-विवाह के मौसम में राउरकेला, रांची, कोलकाता से फूल जिले में मंगाये जाते हैं। फूल काफी ऊंचे दामों पर भी मिलता है। अगर जिले में फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाये, तो काफी संख्या में लोगों को इससे रोजगार मिलेगा। साथ ही उपयुक्त कीमत पर जिले के लोगों को फूल भी आसानी से मिल सकेगी।

### लोहरदगा में भाजपा का जनाक्रोश रैली कल से होगी शुरू

## अमर्यादित ढंग से व्यवहार करने पर ईंट का जवाब पत्थर से भी देना जानती है भाजपा : ओमप्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा प्रदेश द्वारा निर्धारित 7 से 13 नवम्बर जनआक्रोश रैली व प्रर्दशन कार्यक्रम के निमित्त भारतीय जनता पार्टी ने नॉवेल्टी होटल, पॉवरगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि लोहरदगा जिला के भी सभी प्रखंडों में अलग अलग तिथि को कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। 10 नवम्बर भंडरा व कैरो प्रखंड, 11 नवम्बर किस्को व सदर प्रखंड, 12 नवम्बर सेन्हा, कुडू, पेशरार, प्रखंड व नगरपालिका क्षेत्र में किया जाएगी। जिला स्तरीय 23-11-22 को रैली व प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिस



प्रकार से झारखंड में वर्तमान सरकार जनता की मौलिक सुविधाओं को उपेक्षित करते हुए असुरक्षा, कुप्रबंधन की सौगात दी है। इससे विशेषकर राज्य की जनजाति,अनुसुचित समाज, महिलाएं, बच्चियां जो घर में भी सुरक्षित नहीं हैं कहीं पेट्रोल छीड़कर जलाया जा रहा है। कहीं सर से छत छीना जा रहा है। परंतु राज्य को अपनी कुप्रबंधन की गलती को स्वीकार करने के बजाए अटपटे बयान और भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाने का कार्य किया जा रहा है। जो लोकतंत्रित व्यवस्था पर प्रहार है। जिससे अराजकताओं के मनोबल को दुगनी हो गई है ,जो लगातार अपने सोंच को अंजाम में बदल रहे हैं। राज्य सरकार मौन हैं।

बंधु तिर्की के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के महागठबंधन द्वारा सजाई गई मंच से भाजपा कार्यकर्ताओं को पीटने के बयान को लेकर कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को मानने वाली पार्टी है परंतु किसी के द्वारा अमर्यादित ढंग से व्यवहार करने पर ईट का जवाब पत्थर से भी देना जानती है हर एक परिस्थितियों से निपटने के लिए हम तैयार है। बोली गई भाषा एक उन्मादी व्यक्तित्व, और राजनीति में अपने कार्यकर्ताओं को गुलाम, विक्षिप्त ऋणी, अशिक्षित समझने बाले ही ऐसे प्रेरित कर सकते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड को बंगाल बनाने की कोशिश की जा रही हैं जिसे भाजपा पूरा नहीं होने देगी। मौके पर अजय पंकज ओबीसी मोर्चा प्रदेश सदस्य, जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस शामिल हुए।

